पाठ 10 पढ़े कैसे

प्रश्न 1. पढ़ने का अभ्यास हो जाने पर हम -

(क) एक-एक अक्षर अलग अलग पढ़ते है। (ख) कई अक्षर एक साथ पढ़ते है

(ग) कई शब्द प्रवाह के साथ पढ़ते है (घ) कई वाक्यांश एक साथ पढ़ते है

प्रश्न 2 असली पढ़ना कहलाता है -

(क) शब्दों को समझना (ख) अक्षरों को पहचानना

(ग) वाक्यांशों को पढ़ना (घ) दिए गए विचार को समझना

प्रश्न 3. सामग्री पढ़ते समय निम्नलिखित में से क्या आवश्यक नहीं है-

(क) शब्दों से नए शब्द बनाना
(ख) (ख) निष्कर्ष निकालना
(ग) तथ्यों घटनाओं का आपसी संबंध पहचानना
(घ) वाक्यांशों को एक साथ पहचानना

प्रश्न 4. पढ़ने के कौशल के इन चरणों को सही क्रम में लगाइए-

(i) शब्दों के अर्थ जानना।
(ii) कही गई बात पर विचार कर केंद्रीय भाव ग्रहण करना।
(iii) अक्षरों तथा उन से बने शब्दों को पहचानना।
(iv) पाठ्य सामग्री को तीव्र गति से मन ही मन पढ़ना।
(v) पढ़ने के साथ-साथ उसका अर्थ भी समझते चलना।

प्रश्न 5. गद्य और पद्य को पढ़ते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है?

प्रश्न 6. पठन में गति बढ़ाने के लिए क्या करना चाहिए?